तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में ज्योत स्थापना, भक्तिमय…



13 सरिया की आड़ में गांजा तस्करी, तीन महीने से …



## खबर संक्षेप

### मशीन पाट्र्स चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** वर्कशॉप से मशीनी सामान की चोरी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि चौकी जेवरा सिरसा स्थित ग्राम खपरी के एसजे ग्रुप स्टारएक्स मिनरल्स इंडिया के सहायक महाप्रबंधक ने मशीन पाट्र्स पार होने की शिकायत की थी। विवेचना में संदेही कर्मचारियों में कुसुम, जिला पूर्व वर्धमान (पश्चिम बंगाल) हाल निवास ठेलकाडीह निवासी आयोन कोनेर, सलिंदा मुर्शीदाबाद हाल निवास जेवरा सिरसा चंदन घोष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ।

### सूने मकान का ताला टूटा, आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आशा नगर मोहन नगर निवासी अमरजीत सिंह ने शिकायत किया था कि अज्ञात ने उनके मकान का ताला तोड़कर हीरे, सोना-चांदी के जेवरात व नगदी रकम पार किया। पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। जिसे में संदेही की पहचान की गई। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही उत्तर प्रदेश निवासी रविन्द्र पाल गौतम उर्फ राहुल सागर को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 4500 रुपए के जेवरात जब्त किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### कार की टक्कर से युवक की मौत, सात घायल

**भिलाई।** सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार चालक की लापरवाही के कारण चार बाइकों की टक्कर हो गई। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवकों की हालत गंभीर है। बोरी पुलिस ने बताया कि कार सीजी 04 केएस 1712 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए। चार बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक का नाम जगमोहन यादव उर्फ जग्गू है। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए अस्पाल पहुंचाया गया। उपचरा के बाद बुधवार को अस्पताल में जग्गू ने दम तोड़ दिया। घटना ग्राम सेवती बोरी थाना क्षेत्र का है। गांव के पास हर्री स्थित राइस मिल के सामने घटना हुई। सभी युवक अपने काम से घर लौट रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने बाइको को टक्कर मार दी। घायलों में प्रहलाद यादव 19 वर्ष, संस्कार भारती 15 वर्ष, माही यादव 14 वर्ष , मोहित भारती 17 वर्ष , करण यादव 16 वर्ष , चेतन यादव 17 वर्ष , हिमांशु मरैया 16 वर्ष है। इनमें से भी दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। जिनका उपचार अस्पताल में जारी है। ग्रामीणों के मुताबिक चालक ने कार का नियंत्रण खो दिया। यह बड़ा हादसा होना बताया गया है। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई बाइक दूर तक घिसट गईं। युवक सड़क पर गिरते चले गए। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### दस्तावेज नहीं मिलने से 599 सिलेंडर किए जब्त

**दुर्ग।** मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण को निर्बाध रूप से बनाये रखने के लिए जिले में निरंतर छापेमारी की जा रही है। गुरुवार को खाद्य विभाग टीम ने रसमड़ा के बोरई इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर स्थित पापुशा गैसेस की जांच की।सेंटर में कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड द्वारा 2 ब्रांडों गो गैस एवं गैस प्वाइंट के नाम से गैस सिलेंडरों की सप्लाई डीलर के माध्यम से की जाती है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से भिन्न समानांतर विपणन प्रणाली के रूप में पापुशा गैसेस तथा कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड कार्य किया जाना पाया गया। फर्म की जांच में कुल 599 गैस सिलेंडर पाए गए। गैस सिलेंडरों में रिफिलिंग के लिए 3 बुलेट भी पाए गए, जिसमें 2841 किग्रा एलपीजी भंडारित होना पाया गया।


# संडी के सिद्धि माता मंदिर में आस्था में 10,494 ज्योति कलश प्रज्वलित

## जिले के विभिन्न मंदिरों में आचार्यों के सानिध्य में कलश प्रज्वलित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत के साथ ही जिले भर के देवी मंदिरों में आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। शुभ मुहूर्त में आचार्यों के मार्गदर्शन में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी विधि-विधान से ज्योति एवं जवारा स्थापित कर मां दुर्गा की आराधना प्रारंभ की है।

शहर के प्रमुख माता महामाया मंदिर में अभिजीत मुहूर्त पर आचार्य रामजी पाठक के निर्देशन में कुल 57 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए, जिनमें 53 तेल ज्योति और 4 घृत ज्योति कलश शामिल हैं। मंदिर समिति से जुड़े पिंटू रोहर ने इसकी जानकारी दी। इसी तरह माता शीतला मंदिर में भी भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। यहां रोशन महाराज के निर्देशन में कुल 397 ज्योति कलश स्थापित किए गए, जिनमें 27 घृत ज्योति कलश शामिल हैं। वहीं मां भद्रकाली मंदिर में शुभ मुहूर्त पर 17-18 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि इनमें एक कलश मंदिर समिति की ओर से स्थापित किया गया। इस अवसर पर रामकुमार शास्त्री के निर्देशन में विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। गौरव पथ स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर में भी आचार्य प्रमोद शर्मा के मार्गदर्शन में 10 तेल ज्योति कलश स्थापित किए गए। जानकारी आनंद साहू ने दी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के अनुसार माता सिद्ध कालिका मंदिर में 47 ज्योति कलश स्थापित किए गए।



### संडी धाम में आस्था का महाकुंभ

जिले के ग्राम संडी स्थित प्रसिद्ध सिद्धि माता मंदिर में आस्था का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जहां अभिजीत मुहूर्त में रिकॉर्ड 10,494 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए। इनमें 10,219 तेल ज्योति, 158 घृत ज्योति और 117 आजीवन ज्योति कलश शामिल हैं। इसी क्रम में ग्राम खिलोरा के मौली मंदिर में भी 97 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए। नवरात्रि के दौरान सभी देवी मंदिरों में दुर्गा सप्तशती एवं अन्य धार्मिक पाठ अष्टमी तक नियमित रूप से जारी रहेंगे। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूरे जिले में नवरात्रि पर्व को लेकर गहरी आस्था, उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।



## कार्रवाई : हाईवे के ढाबे बने थे तस्करी के सुरक्षित अड्डे, 304 ग्राम डोडा बरामद

# अफीम तस्करी का अंतरजिला नेटवर्क ध्वस्त, ढाबों से दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में अवैध अफीम की खेती के खुलासे के बाद पुलिस जांच में एक बड़े अंतरजिला तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है, जिसकी जड़ें अब बेमेतरा जिले तक फैलती हुई सामने आई हैं। दुर्ग पुलिस ने सुनियोजित और पूरी तरह गोपनीय कार्रवाई करते हुए बेमेतरा–सिमगा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम कठिया के दो ढाबों में दबिश देकर राजस्थान निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 304 ग्राम अफीम डोडा (चुक्की), 1,29,000 नगद, मोबाइल फोन और डोडा तैयार करने के उपकरण बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई ने न सिर्फ तस्करी के तरीके को उजागर किया है, बल्कि यह भी संकेत दिया है कि हाईवे किनारे ढाबों का उपयोग संगठित रूप से अवैध नशे के कारोबार के लिए किया जा रहा था।

इस पूरे मामले में समोदा (दुर्ग) में अवैध अफीम खेती के प्रकरण में पहले ही विकास बिश्नोई, भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, मनीष उर्फ गोलू ठाकुर और छोटूराम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है, जहां वे वर्तमान में जेल में हैं। अब बेमेतरा से हुई नई गिरफ्तारी ने इस नेटवर्क को और व्यापक बना दिया है।

### दुर्ग से बेमेतरा तक फैली जड़ें, हाईवे ढाबों से चल रहा था कारोबार

#### जांच जारी

दुर्ग एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 18 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है और संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।



**राजस्थान कनेक्शन, बेमेतरा में जमाया था ठिकाना:** गिरफ्तार आरोपी रणछोड़ राम उर्फ रणजीत (50 वर्ष) एवं सुनील देवासी (28 वर्ष) राजस्थान के बालोतरा जिले के निवासी हैं। दोनों बेमेतरा के ग्राम कठिया में रहकर ढाबा संचालन कर रहे थे और इसी आड़ में तस्करी का नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस अब इनके अन्य सहयोगियों और सप्लाई चेन की तलाश में जुटी है।

#### हाईवे ढाबों को बनाया गया था सुरक्षित ठिकाना

जांच में यह तथ्य उभरकर आया है कि आरोपी सुनियोजित तरीके से नेशनल हाईवे किनारे संचालित ढाबों को तस्करी का सुरक्षित अड्डा बनाए हुए थे। यहां अफीम डोडा को छिपाकर रखा जाता था और ग्राहकों तक इसकी आपूर्ति की जाती थी। ढाबों की आड़ में यह अवैध कारोबार लंबे समय से संचालित होने की आशंका जताई जा रही है।

#### दुर्ग पुलिस की गुप्त रेड, स्थानीय पुलिस तक को नहीं लगी भनक

15 मार्च को दुर्ग पुलिस एवं थाना पुलगांव अंतर्गत चौकी जेवरा–सिरसा की संयुक्त टीम ने अत्यंत गोपनीय तरीके से यह कार्रवाई की। पूरी रेड को इस तरह अंजाम दिया गया कि इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस तक को नहीं मिल सकी। दबिश के बाद दोनों आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर दुर्ग ले जाया गया, जहां पिछले चार दिनों से उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

#### रेड में मिली ठोस बरामदगी

दुर्ग जिले के एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने श्री रामदेव होटल एवं राजस्थानी हाईवे ढाबा में एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए छापेमारी की। इस दौरान 304 ग्राम अफीम डोडा (चुक्की) ₹1 लाख 29,000 नगद 2 मोबाइल फोन,डोडा को चुक्की बनाने में प्रयुक्त मिक्सी (जार सहित) बरामद किए गए। यह बरामदगी इस बात का संकेत है कि आरोपी न केवल भंडारण बल्कि प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) का कार्य भी यहीं कर रहे थे।

#### समोदा से शुरू हुई जांच बेमेतरा तक पहुंचा नेटवर्क

पूरे मामले की कड़ी दुर्ग जिले के समोदा गांव से जुड़ी है, जहां हाल ही में अवैध अफीम की खेती पकड़ी गई थी। इस प्रकरण में गिरफ्तार मुख्य आरोपी विकास बिश्नोई से पुलिस रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए। उसने बताया कि अवैध रूप से उगाई गई अफीम से तैयार डोडा को नेटवर्क के अन्य सदस्य खरीदकर अलग-अलग स्थानों पर खपाते थे। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया स्थित ढाबों का नाम सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की रणनीति तैयार की।

## घटिया सीसी सड़क निर्माण से आक्रोशित ग्रामीण, उपसरपंच ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी



■ दाढ़ी तहसील के ग्राम पंचायत सुखाताल का मामला

ग्राम पंचायत सुखाताल में हाल ही में निर्मित सीसी सड़क की गुणवत्ता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। घटिया निर्माण और अनियमितताओं के आरोपों से नाराज ग्रामीणों एवं उपसरपंच ने जिला पंचायत में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उपसरपंच अमित कुमार कुर्रे ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 289 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण बिना निर्धारित मापदंडों और तकनीकी प्रक्रिया का पालन किए किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में न तो उचित बेस तैयार किया गया और न ही पंचायत की सहमति ली गई। सरपंच पति और सचिव पर मनमानी करते हुए कम मात्रा में सीमेंट और घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के महज एक महीने के भीतर ही जगह-जगह दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का आरोप है कि सीमेंट का अनुपात सही नहीं होने के कारण सड़क की सतह कमजोर हो गई है और जल्द ही पूरी सड़क टूटने की आशंका है।

#### गांववालों में नाराजगी, करेंगे आंदोलन

गांव में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार पर रोक लग सके।

#### पंचायत प्रतिनिधियों को अंधेरे में रखकर हुआ काम

उपसरपंच ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य बिना पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी दिए कराया गया। यहां तक कि कोर कटिंग जैसी प्रक्रिया भी बिना अनुमति के कराई गई, जो नियमों का उल्लंघन है। इस पूरे मामले को भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही निर्माण कार्य का मूल्यांकन (पेमेंट) तत्काल रोकने और तकनीकी जांच कराने की भी मांग उठाई गई है।

## नवरात्रि पर अलर्ट मोड में पुलिस डीआईजी ने मंदिरों का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चैत्र नवरात्रि पर्व के मद्देनज़र जिले में कानून- व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डी आई जी साहू ने शहर के प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर एवं ग्राम संडी स्थित सिद्धमाता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और जिले की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

■ भीड़ प्रबंधन व सुरक्षा के सख्त निर्देश

उन्होंने मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम भी जाना। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक पर्व के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### सप्तमी-अष्टमी पर विशेष फोकस

श्री साहू ने विशेष रूप से सप्तमी एवं अष्टमी के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ सुगम दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

#### पुलिस अमले को सख्त निर्देश

थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख धार्मिक स्थलों का नियमित भ्रमण करें, सतत निगरानी बनाए रखें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहें। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और तत्काल कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार झा सहित पुलिस अधिकारी, सिद्धमाता मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त अध्यक्ष रश्मि मिश्रा के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया तथा संगठन में दायित्व प्रदान किए जाने पर आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यप्रणाली को प्रभावी करने एवं आमजन से जुड़ाव बढ़ाने को लेकर श्री छाबड़ा से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। आशीष छाबड़ा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपसी समन्वय, अनुशासन और संगठन की प्राथमिकताओं ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बरगड़ा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात ...



**साजा।** ब्लाक के ग्राम पंचायत बरगड़ा के ग्रामीण व सरपंच शेष नारायण बोहरा के साथ रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायं से मुलाकात कर महरा समाज के भवन की मांग की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर जल्द भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। भेंट मुलाकात के दौरान साजा विधायक ईश्वर साहू, पंडरिया विधायक भावना बोहरा भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री के आश्वासन पर समाज के सभी सदस्यों ने आभार प्रकट किया।

## राज्य सरकार ने समाधान योजना से उपभोक्ताओं को दी बड़ी राहत

# बकाया बिजली बिल भुगतान पर मिलेगी भारी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार बिजली बिल भुगतान पर भारी छुट दी है। योजना के तहत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। लगभग 75% तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। इसके तहत आनंदगांव में 20 मार्च को समाधान योजना शिविर लगाया जाएगा।

■ आनंदगांव में शिविर आज

आनंदगांव जेई अनामिका सिंह ने बताया कि कोरोना काल के समय आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से बहुत से लोग बिजली बिल नहीं भर पाए थे। जिस वजह से उनका बिजली बिल धीरे-धीरे करके बढ़ते चला गया। सरकार ऐसे लोगों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत उन्हें छूट देगी। यदि उपभोक्ता की बिजली बिल राशि अधिक है और उसे वह भुगतान नहीं कर पता है तो उसे किस्तों में भी पटाने की सुविधा दी जाएगी। इस योजना का लाभ 30 जून 2026 तक दिया जाएगा। बिजली बिल का भुगतान करने के लिए उपभोक्ताओं को विभाग वेबसाइट पर पंजीयन करना होगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ लेने की अपील की। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाते, जिससे सरचार्ज के कारण बकाया राशि बढ़ जाती है और पूरा भुगतान करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने समाधान योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। आनंदगांव जेई अनामिका सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना शिविर 20 मार्च को आनंदगांव, 23 मार्च को कुसमी, 25 मार्च को तेलगा, 28 मार्च को खुड़मुड़ी व 31 मार्च को बारगांव में शिविर लगाया जाएगा।




#### बीपीएल परिवारों को मिलेगी अतिरिक्त राहत

सरकार ने BPL परिवारों को और ज्यादा राहत दी है। बकाया बिजली बिल की मूल राशि में लगभग 75% तक छूट दी जाएगी। अगर कोई परिवार एक साथ पैसा जमा नहीं कर सकता, तो वह 40 से 60 किस्तों में भुगतान कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### वृष्टि पढ़ेगी नवोदय विद्यालय में

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव की छात्रा वृष्टि साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। पिता देवेन्द्र हिरवानी और मां गितेश्वरी हिरवानी ने बताया कि वह शुरू से परिश्रमी रही है। प्रधान पाठक ने गत दिनों वृष्टि का मुँह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान प्राचार्य पीआर सुधाकर, प्रकाश जोशी, कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, प्रमोद साहू, ईश्वर ठाकुर, नरेन्द्र शांडिल्य, तुलसी राम हिरवानी, अमर लाल हिरवानी आदि मौजूद थे।

### रेत के परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर जब्त

**डोंगरगढ़।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने तहसील अंतर्गत पेटेश्री, आलाबीरा, जामरी, मुजगांव, पारागांवखुर्द, मुरमुंदा, माटेकटा सहित अन्य गांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनिज अमला ने रेत के अवैध परिवहन में लिप्त पेटेश्री के हेमंत सिन्हा के ट्रैक्टर जॉन डियर चेचिस नंबर आईपीवीएय 5050 डीसीएसजी 063372 ट्रॉली हरा रंग सोल्ड, कोमल सिन्हा के ट्रैक्टर जॉन डियर एवं ट्रॉली, राम बिलास साहू के ट्रैक्टर को जप्त कर थाना तुमडीबोड़ के सुपुर्द किया है। सभी के खिलाफ खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### समिति ने मनाया महिला दिवस

**डोंगरगढ़।** मखियार वाल्मिकी समाज महिला समिति के तत्वावधान में बुधवार को महिला दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय राजस्थान होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान महिलाओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुनीता बघेल, उपाध्यक्ष सपना बघेल, सचिव पूजा बघेल, सदस्य दिया बघेल, सुनैना बघेल, रंजनी रणशोर, सरोजिनी रणशोर, रोशनी रगड़े, साक्षी रगड़े, रत्ना रगड़े, निर्मला महानंद आदि उपस्थित थी।

### कांग्रेसियों ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**डोंगरगांव।** रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव प्रदर्शन में सैकड़ो कांग्रेस नेताओं और और कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रायपुर पहुंचकर मनरेगा में बदलाव, बढ़ती महंगाई और नशा की खेती के विरोध में प्रदर्शन किया। सुरक्षा बलों की कड़ी घेरबंदी के बीच कार्यकर्ताओं ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मवेशियों के लिए पानी टंकी का निर्माण

**पटेवा।** ग्राम के गौठान में गौ सेवक एवं जन सहयोग से पानी टंकी का निर्माण पशु पक्षी एवं गौ माता की प्यास बुझाने के लिए किया गया। इसका शुभारंभ नवरात्र एकम को पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान एलएल साहू, शुक्लाराम साहू, चंद्रकांत देवांगन, विजय देवांगन, छेरकूराम यादव, खेदूराम ढीमर, छविलाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, रोहित निर्मलकर, बालकुमार साहू, केदार साहू आदि उपस्थित थे। पानी टंकी का निर्माण गौ सेवक जागेश्वर साहू, नारायण साहू, शिवम साहू, दीना ढीमर, कृष्णा साहू, निखिल साहू के प्रयास से किया गया है।

### सड़क निर्माण का आश्वासन

**छुरिया।** क्षेत्र में सड़कों के विकास को लेकर महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत जादूटोला से दैहान तथा मांझीटोला से गर्रापार तक सड़क निर्माण का मामला उठाया था जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभाग से प्राक्कलन मंगाने और शीघ्र कार्यादेश जारी करने का आश्वासन दिया।

## नवरात्रि : क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल, दुर्गा, शीतला, महामाया में कतार

# चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में ज्योत स्थापना, भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

चैत्र नवरात्रि 2026 की शुरुआत के साथ ही नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में भव्य आयोजन प्रारंभ हो गए हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिरों में विधि-विधान से ज्योत स्थापना की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

नगर के दुर्गा मंदिर कुटीधाम, शीतला मंदिर, महामाया मंदिर (भाटापारा), चंडी मंदिर कर्मू एवं सिद्धपीठ चंडी मंदिर गौर माटी में मनोकामना ज्योत एवं अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। नवरात्रि के प्रथम दिन विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात घट स्थापना संपन्न हुई। श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक माता रानी की भक्ति में लीन रहेंगे। इस वर्ष



चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से विशेष संयोगों के साथ प्रारंभ हुई है। करीब 9 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ योग बना है, जब नवरात्रि के प्रथम दिन तिथि क्षय की स्थिति रही और उदयात अमावस्या तिथि का संयोग बना। पंडितों ने बताया कि धर्मशास्त्र एवं देवी पुराण के अनुसार देवी पूजा का प्रारंभ प्रातःकाल में करना श्रेष्ठ माना गया है।

इसी के चलते सुबह 6:53 बजे से 10:36 बजे तक शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई। इस दौरान मंदिरों में विशेष अनुष्ठान एवं देवी आराधना संपन्न हुई। इस अवसर पर पंडित व्यास नारायण पांडे, आचार्य ओमप्रकाश जोशी, महेंद्र विरदी, प्रताप सिंह छाबड़ा, अनिल सिंघानिया, अशोक बिंदल, हरि शरण क्षत्रिय, राजेंद्र दुबे, पूरन कश्यप, लोकनाथ पटेल, गोवर्धन पटेल, थानेश्वर पटेल, तोषु राम वर्मा, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### शीतला मंदिर मटिया में 51 ज्योज प्रज्वलित

**बेरला।** हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व का विशेष महत्व होता है। चैत्र माह में पड़ने वाली नवरात्रि को चैत्र नवरात्रि या वसंत नवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत गुरूवार 19 मार्च से प्राम्भ हो गई है, अष्टमी 26 मार्च और नवमीं 27 मार्च को होगा। इस नवरात्रि के मटिया (बारगांव) के शीतला मंदिर में 51 ज्योति प्रज्वलित है। नवरात्रि के दौरान मां भगवती के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है और व्रत रखे जाते हैं। पंडित बोसेन्द्र पांडेय ने बताया कि इस पर्व में जौ या ज्वार का बहुत महत्व होता है। नवरात्रि के पहले दिन यानी घटस्थापना या कलश स्थापना पर घर और मंदिरों में जौ बोने का महत्व है। जौ के बिना नवरात्रि की पूजा अधूरी मानी जाती है।

## आस्था का केंद्र सतीघाट : गेरू बेचने वाली सती पत्नी की याद में बना था यह सिद्ध पीठ, आज जलती सैकड़ों ज्योत



**साजा।** साजा अंचल में कर्रा नाला नदी के तट पर स्थित सतीघाट (सती चौरा)बिरनपुर आज लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है, इस पवित्र स्थल का इतिहास एक पति-पत्नी के अटूट प्रेम और सतीत्व की गाथा से जुड़ा है? आज भी वह प्राचीन इमली का पेड़ उस अलौकिक घटना का साक्षी बनकर खड़ा है, जहां से इस शक्तिपीठ की शुरुआत हुई थी। क्षेत्र के बुजुर्गों और जनश्रुतियों के अनुसार, सदियों पहले गेरू (मिट्टी का रंग) बेचने वाला एक दंपति इस मार्ग से गुजर रहा था। थकावट होने पर वे नदी किनारे एक इमली के झाड़ के नीचे विश्राम करने रुके। इसी दौरान अचानक पति की मृत्यु हो गई। पति के वियोग में उनकी पत्नी ने भी वहीं अपना देह त्याग दिया और सती हो गईं। तभी से यह स्थान सतीघाट और सती चौरा के नाम से विख्यात हो गया। **इमली के पेड़ की अद्भुत परंपरा:** मान्यता है कि उस घटना के बाद जब भी ग्रामीण खेतों या मेड़ों पर काम करने जाते थे, तो वापसी में उस ऐतिहासिक इमली के पेड़ के नीचे एक पत्थर रखकर नमन करते थे। धीरे-धीरे उस स्थान पर माता की शक्ति का प्रभाव महसूस होने लगा और लोग स्वतः ही वहां खिंचे चले आने लगे। भक्तों की बढ़ती श्रद्धा को देखते हुए ग्रामीणों ने वहां एक चौरा का निर्माण किया। माता सती की शक्ति के बढ़ते प्रभाव के कारण आगे चलकर ग्रामीणों के सहयोग से वहां एक छोटा मंदिर बनवाया गया और विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद से ही यहां हर वर्ष नवरात्रि के अवसर पर मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित करने की परंपरा शुरू हुई, जो आज एक विशाल रूप ले चुकी है।



### सतीघाट मंदिर में चैत्र नवरात्रि की धूम, 793 ज्योत से जगमगाया दरबार

अंचल के आस्था का केंद्र और जिले के अंतिम छोर पर कर्रा नाला नदी तट पर स्थित सती मंदिर (सतीघाट) में चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ता है। मान्यता है कि इस सिद्ध पीठ पर जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से मन्नत मांगता है, माता सती उसकी झोली खुशियों से भर देती हैं। यही कारण है कि यहां न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं।

### 793 ज्योति कलशों की स्थापना

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर मंदिर परिसर में भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं के लिए 793 ज्योत प्रज्वलित की हैं। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश चौबे ने बताया कि नवरात्रि के दौरान माताजी की विशेष पूजा-अर्चना का विधान है, जिससे क्षेत्र में सुख-समृद्धि का वास होता है। मंदिर में प्रतिदिन माताजी की सेवा विभिन्न गांव के मंडलियों द्वारा की जाती है। समिति सदस्य देवनारायण साहू ने बताया कि नवरात्रि के दौरान तीन दिन की कथा का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रवचन कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया।

## नवागढ़ की अधिष्ठात्री मां महामाया मंदिर में नवरात्रि का शुभारंभ

**नवागढ़।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर धर्मनगरी नवागढ़ स्थित ऐतिहासिक सिद्धपीठ माँ महामाया मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के कपाट खुलते ही "जय महामाई" के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। घटस्थापना (कलश स्थापना) के साथ नौ दिवसीय शक्ति आराधना का शुभारंभ हुआ और सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर के गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फल-फूल अर्पित कर माँ महामाया का आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



### इतिहास की विरासत, आस्था की पहचान

माँ महामाया मंदिर का इतिहास गोंड वंशीय राजा नरवरसाय से जुड़ा हुआ है। उस समय नवागढ़ को नरवरगढ़ कहा जाता था। शक्ति उपासक राजा ने अपने किले के भीतर देवी की प्रतिमा स्थापित कर मंदिर का निर्माण कराया, जो आज क्षेत्र का प्रमुख शक्ति केंद्र बन चुका है। यहाँ विराजमान माँ महामाया की प्रतिमा को श्रद्धालु सिद्ध और जागृत मानते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना यहाँ अवश्य पूर्ण होती है। 1964 की घटना आज भी आस्था का प्रतीक मंदिर से जुड़ी एक ऐतिहासिक घटना आज भी श्रद्धालुओं के बीच चर्चित है। प्रचलित कथा के अनुसार वर्ष 1964 में मंदिर की दीवार ढहने के बाद प्रतिमा को अस्थायी रूप से तालाब किनारे पीपल वृक्ष के नीचे रखा गया था। जब पुनः प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित करने का प्रयास किया गया, तो मूर्ति हिली तक नहीं। पूजा-अर्चना और क्षमा याचना के बाद ही प्रतिमा पुनः स्थापित हो सकी। इसे श्रद्धालु माँ की जागृत शक्ति का प्रमाण मानते हैं।

### शाम की आरती में दिखा दिव्य नजारा

शाम होते ही मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लिया। दीपों की जगमगाहट और भक्ति संगीत के बीच माहौल अत्यंत आध्यात्मिक और मनमोहक हो गया।

### नौ दिनों तक जारी रहेगा भक्ति का महापर्व

नवरात्र के नौ दिनों तक मंदिर में विशेष पूजा, हवन, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### मुख्य ज्योत प्रज्वलित कर की सुख-समृद्धि की कामना

इस अवसर पर नगर के प्रमुख विकास दीवान ने भी परंपरानुसार गर्भ गृह के प्रमुख ज्योत प्रज्वलित करते हुए नगर सहित पूरे क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं मंगलमय वातावरण की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्राम देवी माँ महामाया की अनंत कृपा से ही नवागढ़ और आसपास के गांवों में शांति, सद्भाव और समृद्धि का वातावरण बना हुआ है। विकास दीवान ने माता रानी से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे हर घर-परिवार को सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें तथा नगर को निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर रखें।

# गाडामोर स्कूल में ऋतुराज ने जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शासकीय माध्यमिक शाला गाडामोर में बुधवार को एक प्रेरणादायक और यादगार आयोजन देखने को मिला। ऋतुराज भुवाल के जन्मदिन के अवसर पर विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे विद्यालय परिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम ने न केवल जन्मदिन को खास बनाया, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आत्मीयता और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। इस आयोजन की विशेष पहल श्री भुवाल द्वारा की गई, जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम भव्य और सुव्यवस्थित रूप में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर को सादगीपूर्ण लेकिन आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे दिन



उत्सव जैसा माहौल बना रहा। छात्र-छात्राएं भी बेहद उत्साहित नजर आए और उन्होंने पूरे मनोयोग से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) जी.आर. चतुर्वेदी बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने ऋतुराज भुवाल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण निर्मित करते हैं और विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग एवं सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। न्योता भोज के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे आपसी भाईचारे और समानता की भावना और प्रबल हुई। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षक के प्रति सम्मान और शुभकामनाएं भी व्यक्त कीं।

विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बताया। सभी ने ठाकुर सर के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहने की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान बीईओ हितेंद्र बंजारे, राघवेंद्र झा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक शामिल हुए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



20 एवं 21 मार्च को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर महाभियान 2026" के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन को लेकर शहर भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में बुधवार को शहर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा दायित्व निर्धारण पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रशिक्षण शिविर के संचालन को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन करने, जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन करने तथा समयबद्ध कार्यक्रम संचालन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण एवं अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। शहर अध्यक्ष युगल देवांगन ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर भाजपा संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं संगठनात्मक कार्यशैली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए अपने-अपने दायित्वों को जिम्मेदारी से निभाने का संकल्प लिया है।बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा इसे संगठन सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, महामंत्री डॉ. विनय साहू एवं संदीप यादव, उपाध्यक्ष अमरिका निर्मलकर, चैंपेश्वर वर्मा एवं सरस्वती परमेश्वर गायकवाड़, कोषाध्यक्ष नंदू गुप्ता, मंत्री नवीन ठाकुर, रामअवतार साहू, सुमित गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी राकेश वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (किसान मोर्चा) रोहित साहू, पार्षद राजकुमार खंडे, निखिल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बंदियों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता के निर्देश

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला जेल का बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया, जिसमें बंदियों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरोज नंद दास ने किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, एडीएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी तथा जिला औद्योगिक अधिकारी सहित अन्य विभागीय



अधिकारी उपस्थित रहे। "जेल लीगल एड क्लीनिक" के कार्यों को सुदृढ़ बनाने तथा बंदियों को समय पर प्रभावी विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसओपी 2016 एवं कंडिका 225 के तहत निरीक्षण किया गया। बोर्ड द्वारा जेल में संधारित रजिस्टरों का परीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि किसी भी रजिस्टर में जाति संबंधी कॉलम या उल्लेख नहीं किया गया है। बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से व्यक्तिगत चर्चा भी की गई, जिसमें बंदियों ने जेल में किसी प्रकार के जातिगत भेदभाव से साफ इनकार किया। मनोरंजन की व्यवस्था के तहत दो बैरकों में टीवी लगाए गए हैं, जिनमें योग, आध्यात्मिक कार्यक्रम, भजन और समाचार प्रसारित किए जाते हैं। इसके अलावा बंदियों के लिए तबला, ढोलक, झांझ, मंजिरा जैसे वाद्ययंत्र तथा लूडो और शतरंज जैसी खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है।

### गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए

जल व्यवस्था की समीक्षा में तीन ट्यूबवेल पाए गए, जिनमें से एक बंद है। परिसर में एक पानी टंकी तथा बाहर एक ओवरहेड टंकी उपलब्ध है। भोजन व्यवस्था को लेकर बोर्ड ने निर्देश दिए कि जेल मैनुअल के अनुसार प्रतिदिन बदलते मेन्यू में मौसमी सब्जियां और दालें शामिल की जाएं तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा में बताया गया कि डॉ. सुभाष साहू चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं, जो प्रत्येक मंगलवार को बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं, जबकि एक फार्मासिस्ट प्रतिदिन उपलब्ध रहता है। निरीक्षण के दौरान जेल लीगल एड क्लीनिक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मुलाकात कक्ष, बंदियों को उपलब्ध कराए गए कपड़ों, शौचालयों तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही विचाराधीन बंदियों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से साक्षरता मिशन के तहत "उल्लास प्रवेशिका" पुस्तक का वितरण कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया।

